आकाशवाणी मध्यप्रदेश
प्रादेशिक समाचार
दिनांक : 01.11.25 समय : 07.10pm

मुख्य समाचार :–

- प्रधानमंत्री ने कहा देश अपनी विरासत को संजोकर विकास की राह पर आगे बढ़ रहा है।
- प्रदेश के 70वें स्थापना दिवस पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन।
- देव प्रबोधिनी एकादशी आज,कई स्थानों पर दीपदान का आयोजन।
- आईसीसी महिला वनडे क्रिकेट विश्व कप के फाइनल में कल भारत का मुकाबला दक्षिण अफ्रीका से ।

प्रधानमंत्री – रायपुर दौरा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज छत्तीसगढ़ के नवा रायपुर में राज्य विधानसभा के नए भवन का उद्घाटन किया। वहीं श्री मोदी ने पूर्व प्रधानमंत्री और भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की प्रतिमा का अनावरण भी किया। इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने स्थापना दिवस वाले राज्यों के निवासियों को बधाई देते हुए कहा कि आज पूरा देश अपनी विरासत को संजोकर विकास की राह पर आगे बढ़ रहा है।

स्थापना दिवस

आज मध्यप्रदेश का 70वां स्थापना दिवस है। इस मौके पर राजधानी भोपाल के लाल परेड ग्राउण्ड में आज से 3 नवंबर तक विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जायेगा। इस दौरान गीत, संगीत, नृत्य, कला, शिल्प कला, छायाचित्र, सांस्कृतिक यात्रा, ड्रोन शो, आतिशबाजी जैसी गतिविधियों के माध्यम से मध्यप्रदेश की विरासत और विकास के रंग देखने मिलेंगे। राष्ट्रपति द्रोपदी मूर्मु, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी,राज्यपाल मंगूभाई पटेल और मुख्यमंत्री डॉक्टर मोहन यादव ने इस अवसर पर प्रदेश की जनता को बधाई और शुभकामनाएं दी हैं।

स्थापना दिवस–जिला

प्रदेश के 70 वें स्थापना दिवस के अवसर पर आज जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किए गये। इस अवसर पर सतना जिले में नगरीय विकास एवं आवास राज्यमंत्री प्रतिमा बागरी ने ध्वजारोहण किया। शाजापुर में स्थापना दिवस पर जिला स्तरीय कार्यक्रम में उच्च शिक्षा मंत्री इंदर सिंह परमार शामिल हुए। रायसेन में स्वास्थ्य राज्य मंत्री नरेंद्र पटेल कार्यक्रम को संबोधित किया । सीहोर में राजस्व मंत्री करण सिंह वर्मा ने ध्वजारोहण किया।

छिंदवाड़ा,निवाड़ी,मंदसौर,शिवपुरी,खंडवा,,कटनी,नीमच,झाबुआ,बैतूल,सागर जिलों में भी प्रदेश का 70 वां स्थापना दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।

पर्यटन हेलीकॉप्टर सेवा

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज राजा भोज एयरपोर्ट भोपाल से 'पीएम श्री हवाई पर्यटन हेलीकॉप्टर सेवा' का शुभारंभ किया। प्रदेश के 70वें स्थापना दिवस पर प्रदेश को पर्यटन के क्षेत्र में मिलने वाली इस नई हेलीकॉप्टर सेवा का नियमित संचालन 20 नवम्बर से होगा।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि'पीएम श्री हवाई पर्यटन हेलीकॉप्टर सेवा' से प्रदेश कें प्रमुख धार्मिक, वन्यजीव एवं प्राकृतिक पर्यटन स्थलों के बीच यात्रा अधिक सुविधाजनक और आकर्षक बनेगी।

इस दौरान मुख्यमंत्री ने खंडवा और देवास जिले को मिलाकर नया ओंकारेश्वर वन्यजीव अभयारण्य बनाने की घोषणा की ।

विकसित मध्यप्रदेश

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज भोपाल में "अभ्युदय मध्यप्रदेश" के अंतर्गत विकसित मध्यप्रदेश 2047 दृष्टि पत्र का अनावरण एवं विमोचन किया। साथ ही मुख्यमंत्री ने MP ई-सेवा पोर्टल और मोबाइल ऐप तथा Wash on Wheels मोबाइल ऐप का लोकार्पण भी किया। इन अभिनव पहलों से प्रदेश डिजिटल सेवाओं के क्षेत्र में नई उड़ान भरेगा, युवाओं को स्वरोजगार के अवसर मिलेंगे और शहरी स्वच्छता सेवाओं में तकनीकी नवाचार को नई दिशा मिलेगी।

जीएसटी बचत उत्सव

नरेन्द्र मोदी सरकार द्वारा 22 सितंबर को कई क्षेत्रों में वस्तु और सेवाकर- जीएसटी दरों में कटौती के साथ जीएसटी बचत उत्सव की शुरुआत हुई थी। आइए जानते हैं कि इन सुधारों से तमिलनाडु की अर्थव्यवस्था को कैसे बढ़ावा मिल रहा है।

इनवेस्ट एमपी पोर्टल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज रवींद्र भवन, भोपाल में आयोजित कार्यक्रम में इनवेस्ट एमपी 3.0 पोर्टल का शुभारंभ किया।

यह नवीन पोर्टल निवेशकों के लिए एक उन्नत सिंगल विंडो सिस्टम के रूप में कार्य करेगा, जिसके माध्यम से निवेश प्रक्रियाएं और अधिक सहज, पारदर्शी और समयबद्ध होंगी।

देव प्रबोधिनी एकादशी

प्रदेश में आज देव प्रबोधिनी एकादशी के अवसर पर दीपोत्सव पर्व-2025 का आयोजन किया जा रहा है, जिसके तहत राम पथ गमन क्षेत्र के नौ स्थलों पर दीप आराधना

की जाएगी। दीप प्रज्वलन के साथ ही भक्ति संगीत संध्या का आयोजन भी किया जाएगा। भक्ति संगीत संध्या में प्रदेश के ख्यातिलब्ध कलाकार भाग लेंगे। नर्मदापुरम, जबलपुर, अशोकनगर,सतना सहित अन्य जिलों में भी आज एकादशी का पर्व हर्षोल्लास और परंपरागत तरीके से मनाया जा रहा है

महिला क्रिकेट फ़ाइनल

आईसीसी महिला वनडे क्रिकेट विश्व कप के फाइनल में कल भारत का मुकाबला दक्षिण अफ्रीका से हो्गा। नवी मुंबई स्थित डॉ. डी. वाई. पाटिल स्टेडियम में मैच दोपहर 3 बजे शुरू होगा। दक्षिण अफ्रीका ने गुवाहाटी में पहले सेमीफाइनल में इंग्लैंड को 125 रनों से हराकर फाइनल में प्रवेश किया था। जबकि भारत ने गुरुवार को नवी मुंबई में एक रोमांचक सेमीफाइनल मैच में ऑस्ट्रेलिया को 5 विकेट से हराकर फाइनल में प्रवेश किया।

मौसम

मौसम विभाग ने अगले 24 घंटे में रतलाम, झाबुआ, अलीराजपुर और बड़वानी जिलों में भारी वर्षा की चेतावनी दी है। वहीं नीमच, मंदसौर, उज्जैन, इंदौर, खरगोन, बुरहानपुर, श्योपुर, मुरैना, छिंदवाड़ा, पांढुर्णा, सिवनी, मंडला और बालाघाट में हल्की बारिश का दौर बना रहेगा। मौसम विशेषज्ञों का कहना है कि नवंबर के पहले सप्ताह में बारिश जारी रहेगी, जबकि दूसरे सप्ताह से उत्तरी हवाएं चलने लगेंगी, जिससे ठंड में तेजी आएगी।

आकाशवाणी संगीत सम्मेलन

प्रसार भारती, संस्कृति मंत्रालय के सहयोग से, कल से इस महीने की 29 तारीख तक देश भर के 24 केंद्रों पर आकाशवाणी संगीत सम्मेलन का 67वां संस्करण आयोजित करेगा। सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि 1954 में अपनी स्थापना के बाद से, आकाशवाणी संगीत सम्मेलन भारत की सबसे स्थायी और सम्मानित सांस्कृतिक परंपराओं में से एक रहा है। ।

समाचार संक्षेप में –

- कटनी में युवा संगम रोजगार, स्वरोजगार,अप्रेंटिसशिप मेले का सफल आयोजन किया गया। मेले में 273 युवाओं को रोजगार के अवसर प्रदान किए।
- नीमच जिले में किसानों की उपज भावांतर योजना में खरीदी का काम तेज़ी से चल रहा है। इसके लिए जिले में अब तक 7 हजार से अधिक किसानों का पंजीयन किया जा चुका है।

————————————